**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**पीएम गुजरात यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि हृदय विदारक तरीके से अचानक इतने लोगों की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए। नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। उल्लेखनीय है कि चालक दल सहित 2 सौ 42 लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का ये विमान कल अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान बी जे मेडिकल कॉलेज के पास एक आवासीय परिसर में जा गिरा था।

**विमान दुर्घटना**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि सरकार इस मामले की विस्तृत जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। यह समिति उडान सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के उपायों पर विचार करेगी। अमित शाह ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

**अभियान**

केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 29 मई से 12 जून विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। प्रदेश के कृषि सचिव सी.पाल. रासू ने कहा कि इस पूरे अभियान के दौरान प्रदेश के दो लाख से अधिक किसानों ने इसका लाभ उठाया। आकांक्षी जिला चम्बा में भी अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृषि वैज्ञानिकों ने ज़िले के 4 सौ 50 गांव तक पहुंचकर करीब 13 हजार किसानों से सीधा संवाद किया। इस दौरान किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र चम्बा के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला के दूरदराज कुगति व होली जैसे गांव तक भी उनकी टीमें पहुंची हैं।

***इस कार्यक्रम का हमारा मुख्य उद्देश्य यह रहा कि हम किसानों को उनकी लेटिस्ट टेक्लॉजीज के बारे में हर प्रकार की जानकारी किसानों के साथ साझा की गई जो परन्तु इसमें जो सबसे ज्यादा हमारे को सहायता मिली वह हमें कृषि डिप्यूटी डारेक्टर एग्रीकच्लर चम्बा, डिप्यूटी हॉलटीकल्चर चम्बा, और साथ ही साथ आत्मा तथा फोरेस्ट डिमाटमेंट से भी काफी सहयोग मिला आज के कार्यक्रम में जो उपस्थिति रही वह लगभग 200 के करीब थी और साथ ही साथ जो पूरा 15 दिनों का अभियान था इस अभियान के दौरान हमने साढ़े चार सौ के करीब गांवों को कवर किया।***

**दुर्घटना**

कुल्लू ज़िला में कुल्लू–भेखली संपर्क मार्ग पर बीती रात एक वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने से उसमे सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान 21 वर्षीय बालकृष्ण व 18 वर्षीय आशीष के रूप में हुई है। घायलों को कुल्लू अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाएं हुए है। प्रदेश के अधिकांश भागों के पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान मे बढ़ौतरी का क्रम लगातार जारी है। राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज दोपहर बाद सोलन सहित कुछ अन्य ज़िलों में तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। राजधानी शिमला में भी अब से कुछ देर पहले तेज हवाओं के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने अगले दो—तीन दिन प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गर्म हवाएं के चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर तेज आंधी—तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है।